प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने किया दावा, इस बार के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिलेगी बहुमत, कहा– अब केवल पति–पत्नी की पार्टी रह गई है झामुमो।**
2. **केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा– असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाएगा, सरकार बना रही है व्यापक नीति।**
3. **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवनिर्मित वंदेभारत के डिब्बों का किया निरीक्षण, कहा – अगले कुछ दिनों में उपलब्ध होगा रेलगाड़ी का शयनयान संस्करण, राजधानी ट्रेनों जितना होगा किराया।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की जताई संभावना, राज्य भर में बारिश के आसार।**

****

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी को बहुमत देगी। श्री चौहान ने आज आरोप लगाया कि मौजूदा झारखंड सरकार ने राज्य को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। चुनाव प्रभारी ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पर कहा कि राज्य को बचाने के लिए उन्होंने भाजपा का दामन थामा है।

****

राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सरकार की लापरवाही के कारण उत्पाद विभाग की बहाली के दौरान अभ्यर्थियों की लगातार मौत हो रही है। श्री महतो आज पार्टी की ओर से आयोजित बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

****

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए विभिन्न संभावनाएं तलाश रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। डॉ. मांडविया ने कहा कि सरकार उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति पर काम कर रही है।

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलुरू में नवनिर्मित वंदेभारत रेलगाड़ी के शयनयान डिब्बे का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वंदेभारत शयनयान का नया संस्करण परीक्षण के लिए तैयार है और अगले तीन महीने में यात्रियों को इन नए डिब्बों का लाभ मिलने लगेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसका किराया राजधानी ट्रेनों जितना होगा।

****

झारखंड समेत देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। यह प्रतिवर्ष एक सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

****

गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की एटीएम मशीन से अपराधियों ने 25 लाख रूपए की चोरी कर ली है। पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

****

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से एक ब्रांडेड डेयरी कंपनी के दूध में मिलावट करने वाले एक गिरोह के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इधर लातेहार जिले की पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र स्थित पसंगन गांव से हथियार के साथ एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से एक राइफल और दस गोलियां बरामद हुई हैं।

****

खूंटी जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब तक 74 हजार से अधिक आवेदन विभाग की वेबसाइट पर निबंधित किए गए हैं।

****

मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है। इस दौरान राजधानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। विभाग ने बताया कि बारिश के दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात होने की भी आशंका है।

****

पेरिस पैरालंपिक के आज चौथे दिन पैरा बैडमिंटन में भारत के दो पदक पक्के हो गए हैं। मनीषा रामदास ने एसयू–5 वर्ग में महिलाओं के सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उनका मुकाबला अपने ही देश की टी. मुरुगेशन से होगा। इन दोनों में से जो भी खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेंगी, उनका कम से कम रजत पदक तय हो जाएगा। वहीं, पुरुषों के सिंगल्स एसएल–4 सेमीफाइनल में सुकांत कदम का मुकाबला अपने ही देश के सुहास यतिराज से होगा। इनमें भी फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी का पदक पक्का हो जाएगा।